संख्या–cm-561
**21/12/2022**

# मुख्यमंत्री ने पटनासिटी में ओ0पी0 साह सामुदायिक भवन तथा प्रकाशपुंज पर्यटक केंद्र में प्रदर्शों का किया लोकार्पण

पटना, 21 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मालसलामी, पटनासिटी में ओ0पी0 साह सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 तल्ला ओ0पी0 साह सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रथम तल्ला एवं द्वितीय तल्ला पर जाकर डॉरमेटरी, टॉयलेट, डाइनिंग हॉल, कमरों आदि को देखा और यहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने छत पर सोलर प्लेट लगाने का भी निर्देश दिया तथा साफ–सफाई और सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भवन को मेंटेन रखने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटनासिटी में प्रकाशपुंज पर्यटक केंद्र में प्रदर्शों का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रदर्शों को देखा। इस दौरान उन्होंने वहां प्रदर्शित सिख गुरुओं की जीवनी एवं सिख धर्म के आध्यात्मिक उपदेशों, तत्वों, भित्ति कलाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकाश पर्व के दौरान सभी श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान रखें ताकि बाहर से आनेवाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई कार्य किए गए हैं और एक–एक चीज पर ध्यान दिया गया है। सभी चीजों का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करायें।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने स्व0 खुशवंत सिंह द्वारा रचित 'A HISTORY OF THE SIKHAS' पुस्तक भेंट की। तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव श्री इंद्रजीत सिंह तथा तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के प्रधान श्री जगजोत सिंह ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र और बुके भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मालसलामी, पटनासिटी में ओ0पी0 साह सामुदायिक भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमने यहां कई बार आकर इसे देखा है और इसके बेहतर ढंग से निर्माण के लिए कई सुझाव दिए थे। आज मुझे खुशी है कि हमने जो सुझाव दिया था उसके मुताबिक यहां पर निर्माण कार्य करा दिया गया है। प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए जो श्रद्धालु यहां आएंगे, उनके रहने के लिए यहां व्यवस्था की गई है। बाहर से जो श्रद्धालु आएंगे तो यहां पर उनको रहने में सुविधा होगी। आज से ही उन्हें हैंडओवर कर दिया गया है। एक महीने के बाद इसको लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। जो कोई भी यहां पर शादी–विवाह या किसी अन्य तरह का कार्यक्रम करना चाहेंगे वो कर सकते हैं।

शराबबंदी को लेकर विपक्ष द्वारा हंगामा किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गलत है। सबकी सहमति से शराबबंदी लागू की गई है। कोई जहरीली शराब पीकर मरता है तो यह हमलोग और प्रचारित करवा रहे हैं कि देखो क्या हाल होता है शराब पीने के बाद, अगर इस तरह से पीयोगे तो मरोगे। देश के कौन–से हिस्से में लोग शराब पीकर नहीं

मरते हैं? संविधान को जान लीजिए। एक–एक चीज को जान लीजिए कि शराबबंदी लागू करना किसका अधिकार है। सारा कुछ देखकर ही यहां पर शराबबंदी कानून लागू की गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम यहां पर आई है तो दूसरे राज्यों में जो लोग मरे हैं उनको देखने गई है क्या? क्या यहीं केवल घटना घटी है? यहां तो बहुत कम घटना घटी है। जिसके द्वारा निर्मित शराब पीकर लोग मरेंगे हैं उसी से वसूली करके देने का प्रोविजन बना हुआ है।

भाजपा द्वारा दिए जा रहे धरने के सवाल पर कहा कि वे लोग पहले क्यों सपोर्ट कर रहे थे? इसके पहले गोपालगंज में जहरीली शराब पीकर लोग नहीं मरे थे तो उस समय कभी कहे थे उसके बारे में। हमने समाज सुधार अभियान शुरू किया था तो उस समय साथ में थे और हम जो बोल रहे थे और उसी मीटिंग में उनके लोग जो बोल रहे थे उसको सुन लीजिए। आज अलग हो गए हैं तो दूसरी बात बोल रहे हैं। यह भी देखनेवाली चीज है कोई इधर–उधर तो नहीं करवा रहा है। यह भी जांच का विषय है।

कोरोना से संबंधित प्रश्न को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जांच और टीकाकरण सबसे अधिक बिहार में हो रहा है। अभी देश में भी स्थिति सामान्य है। हमलोग हर जगह लगातार जांच कराते रहे हैं। देशभर में 10 लाख पर केवल 6.50 लाख जांच हुई है जबकि बिहार में 8 लाख से ज्यादा जांच हुई है। हमलोग कोरोना को लेकर अभी भी सक्रिय हैं। देश में कोरोना घटते जा रहा है और कुछ ही राज्यों में थोड़ा–थोड़ा है लेकिन अब इसकी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

कोरोना को देखते हुए भाजपा द्वारा कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को बंद करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग यात्रा कर रहे हैं, सबको यह अधिकार है। हर पार्टी के लोग यात्रा करते हैं। भाजपा वाले खुद भी तो यात्रा करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार राज्य पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक श्री कंवल तनुज, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो, तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव श्री इंद्रजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं आयोजन समिति से जुड़े लोग उपस्थित थे।

******